# रेमन मैगसेसे पुरस्कार से सम्मानित भारतीयों के नाम, वर्ष और सम्बंधित क्षेत्र की सूची

**रेमन मैगसेसे पुरस्कार किसे कहते है और क्यों दिया जाता है?**

रेमन मैगसेसे पुरस्कार या रमन मैग्सेसे पुरस्कार एशिया के व्यक्तियों एवं संस्थाओं को उनके अपने क्षेत्र में विशेष रूप से उल्लेखनीय कार्य करने के लिये प्रदान किया जाता है। इसे प्राय: एशिया का नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है। यह रेमन मैगसेसे पुरस्कार फाउन्डेशन द्वारा फ़िलीपीन्स के भूतपूर्व राष्ट्रपति रेमन मैगसेसे की याद में दिया जाता है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष मैग्सेसे जयंती पर 31 अगस्त को लोक सेवा, सामुदायिक सेवा, पत्रकारिता, साहित्य तथा सृजनात्मक कला और अंतर्राष्ट्रीय सूझबूझ के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार ग़ैर एशियायी संगठनों, संस्थानों को भी एशिया के हित में कार्य करने के लिए दिया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| **पुरस्कार की श्रेणियाँ** | सरकारी सेवा, सार्वजनिक सेवा, सामुदायिक नेतृत्व, पत्रकारिता, साहित्य एव सृजनात्मक संचार कलाएँ, शान्ति एवं अन्तरराष्ट्रीय सद्भावना और उभरता हुआ नेतृत्व |
| **स्थापना वर्ष** | 1957 |
| **देश** | फिलीपींस |
| **प्रदानकर्ता** | रेमन मैगसेसे पुरस्कार फाउन्डेशन |
| **आखिरी भारतीय विजेता** | भरत वाटवानी और सोनम वांगचुक (2018) |

**रेमन मैगसेसे पुरस्कार का इतिहास:**

रेमन मैग्सेसे पुरस्कार की स्थापना न्यूयॉर्क स्थित "रॉकफेलर ब्रदर्स फण्ड" के ट्रस्टियों द्वारा सन् 1957 में हुई। फिलिपिन्स की सरकार की सहमति से वहाँ के भूतपूर्व राष्ट्रपति रेमन मैगसेसे की स्मृति में यह पुरस्कार आरम्भ किया गया ताकि उनकी आम जनता की साहसपूर्वक सेवा, लोकतांत्रिक समाज में व्यावहारिक आदर्शवादिता एवं निर्मल सरकारी चरित्र की याद को ताजा रखा जा सके।

**रेमन मैगसेसे पुरस्कार की श्रेणियाँ:**

यह पुरस्कार प्रतिवर्ष 6 श्रेणियों में दिया जाता है:-

- **शासकीय सेवा:** सरकार की किसी भी शाखा में जिनमें कार्यपालिका, न्यायिक सेवा, विधायिका अथवा सेना में उल्लेखनीय सेवा हेतु सम्मानित करने के लिए।
- **सार्वजनिक सेवा:** किसी भी नागरिक द्वारा जनता के हित में की गयी उल्लेखनीय सेवा को समाहित करना।
- **सामुदायिक नेतृत्व:** किसी समुदाय का नेतृत्व, सुविधाहीन लोगों को अधिकाधिक अवसर तथा बेहतर जीवन संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए सम्मान।
- **पत्रकारिता, साहित्य तथा सृजनात्मक संप्रेषण कला:** प्रभावी लेखन, प्रकाशन अथवा फोटोग्राफ़ी या रेडियो, टेलीविज़न, सिनेमा अथवा कला प्रदर्शन के माध्यम का जनहित में कार्यरत एक शक्ति के रूप में उपयोग।
- **शांति तथा अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना:** देश में तथा उनके बीच निरंतर मित्रता के विकास हेतु आधारशिला तैयार करने के लिए मित्रता, सह-अस्तित्व, शांति तथा एकजुटता को बढ़ावा देने हेतु किये गये योगदान के लिए सम्मान।
- **उभरता नेतृत्व:** 40 वर्ष अथवा इससे कम उम्र के लोगों का उनके समुदाय में सामाजिक बदलाव के लिए किए गये उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मान, जिनके नेतृत्व को अभी तक उनके समुदाय से बाहर पहचान नहीं मिली है।

**वर्ष 1958 से 2018 तक सभी भारतीय रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेताओ की सूची:**

| **वर्ष** | **प्राप्तकर्ता का नाम** | **क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 2018 | भरत वाटवानी (मनोवैज्ञानिक) | समाज सेवा |
| 2018 | सोनम वांगचुक (अभियंता) | समाज सेवा |
| 2016 | बेज़वाडा विल्सन | जनसेवा |
| 2016 | टी. एम. कृष्णा | सामाजिक एकजुटता |
| 2015 | संजीव चतुर्वेदी | भ्रष्टाचार के विरुद्ध |
| 2015 | अंशु गुप्ता | सामाजिक कार्य |
| 2012 | कुलांदेई फ्रांसिस | सामाजिक कार्य |
| 2011 | नीलिमा मिश्रा | सामाजिक कार्य |
| 2011 | हरीश हांडे | – |
| 2009 | दीप जोशी | सामाजिक कार्यकर्ता |

| | | |
|---|---|---|
| 2008 | मंदाकिनी आम्टे | आदिवासी कल्याण कार्य |
| 2008 | प्रकाश आम्टे | आदिवासी कल्याण कार्य |
| 2007 | पालागुम्मि साईनाथ | साहित्य, पत्रकारिता तथा सृजनात्मक संप्रेषण कला |
| 2006 | अरविंद केजरीवाल | आपातकालीन नेतृत्व |
| 2005 | वी. शांता | जनसेवा |
| 2004 | लक्ष्मीनारायण रामदास | शांति और अंतर्राष्ट्रीय समझौता |
| 2003 | शांता सिन्हा | सामुदायिक नेतृत्व |
| 2003 | जेम्स माइकल लिंगदोह | शासकीय सेवा |
| 2002 | संदीप पांडेय | आपातकालीन नेतृत्व |
| 2001 | राजेन्द्र सिंह | सामुदायिक नेतृत्व |
| 2000 | जॉकिन अर्पुथम | शांति और अंतर्राष्ट्रीय समझौता |
| 2000 | अरुणा रॉय | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1997 | महेश चन्द्र मेहता | जनसेवा |
| 1997 | महाश्वेता देवी | साहित्य, पत्रकारिता तथा सृजनात्मक संप्रेषण कला |
| 1996 | टी. एन. शेषण | शासकीय सेवा |
| 1996 | पांडुरंग अठावले | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1994 | किरण बेदी | शासकीय सेवा |
| 1993 | बानू कोयाजी | जनसेवा |
| 1992 | पंडित रविशंकर | पत्रकारिता, साहित्य तथा सृजनात्मक संप्रेषण कला |
| 1991 | के. वी. सुबन्ना | पत्रकारिता, साहित्य तथा सृजनात्मक संप्रेषण कला |
| 1989 | लक्ष्मीचंद जैन | जनसेवा |
| 1985 | मुरलीधर देवीदास आमटे | जनसेवा |
| 1984 | आर. के. लक्ष्मण | पत्रकारिता, साहित्य तथा सृजनात्मक संप्रेषण कला |
| 1982 | चण्डी प्रसाद भट्ट | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1982 | मनीभाई देसाई | जनसेवा |
| 1982 | अरुण शौरी | पत्रकारिता, साहित्य तथा सृजनात्मक संप्रेषण कला |
| 1981 | गौर किशोर घोष | पत्रकारिता, साहित्य तथा सृजनात्मक संप्रेषण कला |
| 1981 | प्रमोद करण सेठी | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1979 | राजनकांत अरोल | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1979 | माबेला अरोल | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1977 | इला रमेश भट्ट | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1976 | शम्भु मित्रा | पत्रकारिता, साहित्य तथा सृजनात्मक संप्रेषण कला |
| 1975 | बी. जी. वर्गीज़ | पत्रकारिता, साहित्य तथा सृजनात्मक संप्रेषण कला |
| 1974 | एम.एस.सुब्बलक्ष्मी | जनसेवा |

| | | |
|---|---|---|
| 1971 | एम. एस. स्वामीनाथन | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1967 | सत्यजीत रे | पत्रकारिता, साहित्य तथा सृजनात्मक संप्रेषण कला |
| 1966 | कमला देवी चटोपाध्याय | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1965 | जयप्रकाश नारायण | जनसेवा |
| 1963 | डी. एन. खुरोदे | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1963 | त्रिभुवनदास कृषिभाई पटेल | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1963 | वर्गीज़ कुरीयन | सामुदायिक नेतृत्व |
| 1962 | मदर टेरेसा | अंतर्राष्ट्रीय सद्‌भाव |
| 1961 | अमिताभ चौधरी | पत्रकारिता, साहित्य तथा सृजनात्मक संवाद कला |
| 1959 | सी. डी. देशमुख | शासकीय सेवा |
| 1958 | विनोबा भावे | सामुदायिक नेतृत्व |